भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1487**

उत्तर देने की तारीख 13.02.2025

**प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना**

**1487** डॉ. राजेश मिश्रा :

श्री दुलू महतो :

डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे :

श्री मनीष जायसवाल :

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

**(क) :** प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं और उक्त योजना से झारखंड और महाराष्ट्र के जनजातीय गांवों के विकास को जिला-वार किस प्रकार योगदान मिलने की संभावना है;

**(ख) :** झारखंड में उक्त योजना के अंतर्गत चिह्नित गांवों की जिला-वार संख्या कितनी है;

**(ग)** उक्त गांवों के लिए किन विशिष्ट अवसंरचना सुधारों का लक्ष्य रखा गया है;

**(घ)** उक्त योजना के माध्यम से जनजातीय समुदाय के लिए किस प्रकार सामाजिक और वित्तीय सुधार सुनिश्चित होने की संभावना है; और

**(ड.)** उक्त योजना के माध्यम से उक्त समुदाय की जीवनशैली में क्या परिवर्तन होने की संभावना हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके):

**(क) से (ग) :** सरकार द्वारा अभिसरण दृष्टिकोण के माध्यम से विकास गतिविधियां शुरू करने के उद्देश्य से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 50% जनजातीय आबादी और 500 अनुसूचित जनजातियों वाले पात्र गांवों के एकीकृत विकास के लिए 'प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई)' का शुभारंभ किया गया। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा योजना के अंतर्गत प्रति गांव 20.38 लाख रुपये (36,428 गांवों के लिए 7276 करोड़ रुपये) की राशि निर्धारित की गई थी और राज्यों को क्षेत्रीय केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकार के पास उपलब्ध केंद्रीय एसटीसी (अनुसूचित जनजाति घटक) और राज्य टीएसपी (जनजातीय उप-योजना) निधियों के अभिसरण के साथ ग्राम विकास योजना बनाने की आवश्यकता थी। वीडीपी में, प्रत्येक चयनित गांव में अंत्योदय मिशन के माध्यम से सड़क संपर्क, दूरसंचार संपर्क (मोबाइल/इंटरनेट), स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप-केंद्र, पेयजल और बिजली जैसी चिह्नित बुनियादी सुविधाओं से संबंधित अंतरों को दूर करने का लक्ष्य है। आज की तारीख तक महाराष्ट्र और झारखंड राज्य सहित देश भर में 17,656 वीडीपी को मंजूरी दी गई है और आज तक जारी की गई

कुल निधियां 2363.48 करोड़ रुपये की राशि की हैं। आज तक (आज की तारीख तक) झारखंड में 641 वीडीपी को अनुमोदन दिया गया है और 134.47 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई है। झारखंड के 23 जिलों के अंतर्गत 3891 चिन्हित कुल गांवों की संख्या **अनुलग्नक-I** के अनुसार है।

**(घ) और (ड.) :** पीएमएएजीवाई योजनाओं का उद्देश्य योजना के तहत उपलब्ध निधियों के अभिसरण के माध्यम से भारत सरकार और राज्य की विभिन्न योजनाओं के तहत निधियों का उपयोग करके जनजातीय समुदाय का समग्र विकास करना है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) की सफलता से प्राप्त जानकारी के आधार पर, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) शुरू किया गया है, जो पीएमएएजीवाई के तहत कवर किए गए गांवों सहित 63000 से अधिक गांवों को कवर करेगा। डीए-जेजीयूए बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में गंभीर अंतरों को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना करता है। समन्वित दृष्टिकोण और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से, मिशन का उद्देश्य समग्र, टिकाऊ (सतत) और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है, जिससे जनजातीय समुदायों को संतृप्ति मोड में उन्नति करने और फलने-फूलने के लिए सशक्त बनाया जा सके। डीए-जेजीयूए के अंतर्गत झारखंड और महाराष्ट्र के गावों सहित राज्य-वार कवर किये गये गांव **अनुलग्नक - II** में दिये गये हैं।

ये गांव अब डीए-जेजीयूए के तहत कवर किये गए हैं, जो संबंधित मंत्रालयों और राज्य विभागों के प्रमुख उपायों के लिए निधियों और संतृप्ति के समर्पित अभिसरण के साथ पीएमएएजीवाई का अधिक संरचित संस्करण है। इसमें संबंधित मंत्रालयों की विशिष्ट योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से बहु-क्षेत्रीय उपायों के लिए समर्पित निधियां प्रदान करने की परिकल्पना की गई है। डीए-जेजीयूए योजना के शुभारंभ के साथ, पीएमएएजीवाई के तहत पाए गए अंतरालों (अंतरों) को दूर किया जा रहा है।

**अनुलग्नक-I**

**डॉ. राजेश मिश्रा, श्री दुलू महतो, डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे तथा श्री मनीष जायसवाल द्वारा दिनांक 13.02.2025 को पूछे जाने वाले लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1487 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**<u>झारखंड राज्य में चिन्हित गांवों का जिलावार विवरण</u>**

| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **गांवों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | बोकारो | 48 |
| 2. | चतरा | 12 |
| 3. | देवघर | 42 |
| 4. | धनबाद | 73 |
| 5. | दुमका | 133 |
| 6. | गढ़वा | 70 |
| 7. | गिरिडीह | 86 |
| 8. | गोड्डा | 61 |
| 9. | गुमला | 474 |
| 10. | हजारीबाग | 21 |
| 11. | जामताड़ा | 108 |
| 12. | खूंटी | 254 |
| 13. | लातेहार | 177 |
| 14. | लोहारदगा | 161 |
| 15. | पाकुर | 224 |
| 16. | पलामू | 68 |
| 17. | पश्चिमी सिंहभूम | 615 |
| 18. | पूर्वी सिंहभूम | 266 |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | रामगढ़ | 49 |
| 20. | रांची | 442 |
| 21. | साहिबगंज | 102 |
| 22. | सरायकेला-खरसावां | 151 |
| 23. | सिमडेगा | 254 |
| | कुल | **3891** |

अनुलग्नक -II

**डॉ. राजेश मिश्रा, श्री दुलू महतो, डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे तथा श्री मनीष जायसवाल द्वारा दिनांक 13.02.2025 को पूछे जाने वाले लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1487 के भाग (घ) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के तहत राज्यवार गांव**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | जिले की संख्या | ब्लॉक की संख्या | गांवों की संख्या | कुल जनसंख्या | अनुसूचित जनजाति जनसंख्या | अनुसूचित जनजाति % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 18 | 107 | 878 | 1113652 | 655450 | 58.86 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 23 | 84 | 329 | 272750 | 230896 | 84.65 |
| 3 | असम | 32 | 147 | 3161 | 2779667 | 2124774 | 76.44 |
| 4 | बिहार | 24 | 74 | 771 | 1783928 | 407136 | 22.82 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 32 | 138 | 6691 | 6967289 | 4909442 | 70.46 |
| 6 | गोवा | 2 | 9 | 25 | 47144 | 34105 | 72.34 |
| 7 | गुजरात | 21 | 102 | 4265 | 7675215 | 6605912 | 86.07 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 10 | 26 | 270 | 170351 | 117040 | 68.71 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 20 | 112 | 393 | 792087 | 502935 | 63.49 |
| **10** | झारखंड | **24** | **231** | **7139** | **7044011** | **4976859** | **70.65** |
| 11 | कर्नाटक | 28 | 129 | 1089 | 1975186 | 805566 | 40.78 |
| 12 | केरल | 4 | 9 | 89 | 1322280 | 219524 | 16.60 |
| 13 | लद्दाख | 2 | 30 | 143 | 163981 | 155238 | 94.67 |
| 14 | लक्षद्वीप | 1 | 2 | 2 | 9868 | 9322 | 94.47 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 51 | 267 | 11377 | 13186399 | 9323125 | 70.70 |
| **16** | महाराष्ट्र | **32** | **214** | **4975** | **6347798** | **4694682** | **73.96** |
| 17 | मणिपुर | 13 | 57 | 516 | 666137 | 629332 | 94.47 |
| 18 | मेघालय | 12 | 53 | 1437 | 1183736 | 1135901 | 95.96 |
| 19 | मिजोरम | 11 | 26 | 383 | 414444 | 400652 | 96.67 |
| 20 | नागालैंड | 16 | 74 | 608 | 956721 | 915742 | 95.72 |
| 21 | ओडिशा | 27 | 234 | 7667 | 7042261 | 4815670 | 68.38 |
| 22 | राजस्थान | 30 | 208 | 6019 | 7655043 | 5537444 | 72.34 |
| 23 | सिक्किम | 6 | 26 | 119 | 123635 | 72682 | 58.79 |
| 24 | तमिलनाडु | 16 | 36 | 248 | 489153 | 303711 | 62.09 |
| 25 | तेलंगाना | 30 | 230 | 924 | 1691305 | 1150538 | 68.03 |
| 26 | दादरा तथा नगर हवेली और दमन तथा दीव | 2 | 2 | 76 | 203454 | 147290 | 72.39 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | त्रिपुरा | 8 | 52 | 392 | 988452 | 828393 | 83.81 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 26 | 47 | 517 | 1183202 | 311488 | 26.33 |
| 29 | उत्तराखंड | 7 | 15 | 128 | 209384 | 88723 | 42.37 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 21 | 170 | 3212 | 3974631 | 1707342 | 42.96 |
| | **कुल योग** | **549** | **2911** | **63843** | **78433164** | **53816914** | **68.61** |

*****